कुछ होने वाला नहीं है इस समाज का भला । मैं सरकार की इंटेंशन को डाउट नहीं करता । मगर विश्वास है मुझे और खास तौर से श्री पासवान जैसे मेधावी व्यक्तित्व पर मुझे आशा है कि वह प्रधान मंत्री से मिल करके इन सचिवों के ऊपर केवल इस बात को नहीं छोड़ेंगे जातीय मानसिकता से पीड़ित हैं । आप इंटरवीन करेंगे और यह जो संवैधानिक प्राविधान है इसको लागू करेंगे ताकि थोड़ी बहुत यह जो प्रोब्लम है, यह हल हो जाये, कम हो जाये ।

With these words, I conclude. Thank you, Madam.

SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY (Assam) : Madam, with much pride I want to say that there are no such atrocities against the Scheduled Castes and Scheduled Tribes in the entire north-eastern region. Probably it is because of the fact that there is no such social stratification in the north-eastern sector of the country. But all is not well in the other parts of the country, specially, Bihar, U. P., Madhya Pradesh, Andhra, etc. Killing by the higher clans is a common feature in these States and it has been continuing for years together. It has become a rule of law, it has become the trend and, under the slightest pretex , people belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes are killed like beasts of the forest.

I have seen in the newspapers that when a boy or a girl belonging to a higher caste happens to marry a

girl or a boy of a lower caste, entire hell comes crashing down on them. Madam, I feel that major conflicts arise mainly because of land. So, to wipe out the disparity in the distribution of land between the Scheduled Castes and Scheduled Tribes and the higher classes of people, stringent legal measures should be brought about. I think, more teeth should be provided to the laws existing already. Unless that is done, justice cannot reach these poor people and their lot will not improve.

We know that land really belonging to the people of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes is in their names in the official records, but they cannot enjoy the produce of that land. It is because of the middlemen, landlords, jathedars and police who take advantage of the loopholes in the existing laws and deprive these poor people of their legitimate rights. Sometimes, even the protectors of law and justice also take the side of the affluent classes and deny justice to these people, firstly because these people do not know what the law is and, secondly because they are almost afraid of approaching the seat of justice for fear of retaliation by the higher classes of people. So, all these factors prevent these people from coming out openly to seek justice. Therefore, I think, the Government should take care to see that a provision is made to get the clear picture to find out whether people belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes are enjoying the opportunities offered to them by the State or not. I think the Government should create a Vigilance Cell both in the Government sector and the non-official sector so that they can look into this matter.

Secondly, the poorer sections—the uneducated and economically backward people—most often do not go to the courts. So, the honourable Minister should think of creating a Legal Cell at the village level also. Thirdly, provision should be made to see that proper education reaches the poor people belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

अगर हर घर में शिक्षा दी हुई नहीं पहुंचती तो सरकार इन कानून के दायरे में और संविधान में संशोधन करके जो सुविधाएं पहुंचाना चाहती है वे सुविधाएं उन तक कभी नहीं पहुंचेंगी। यही मेरा कहना है।

SHRI SHABBIR AHMAD SALARIA (Jammu and Kashmir): Madam, we are discussing about atrocities on Harijans in India. The history of Harijans is embedded in distant past when there was compartmentalisation of labour and which ultimately became a permanent feature of the society. It further degraded into treating the sections which were doing the work of labour by hand, as lower castes, and the unfortunate thing which took place further is that they were treated as untouchables.

Man was created by God. All men are alike. The bood of one person can be used for curing another person, to whatever caste or religion he may belong. Therefore, the caste system, is, in fact, opposed to human nature, it is opposed to nature, it is opposed to the law of God as is also the apartheid which distinguishes man from man on the ground of colour.

Not long ago, the Prophet of Islam gave the message :

"A man who is black has no right or preference over a man who is white or vice versa or a man who is yellow has not right to preference over a man who is brown : it is the conduct of the main which will determine his status and character and that you human beings are all equal, having been born of one fatner, that is, Adam, and Adam was made of earth." But in actual practice man degraded himself and made compartmentalisation of human society.

[Shri Shabbir Ahmad Salaria]

In India, therefore, the caste system is embedded in the mind of our society. That is the cause. The cause has to be removed. Mahatma Gandhi was the only person who knew that it was ingrained in the mind and that the mind had to be cured. Therefore, Mahatma Gandhi took up the task upon himself, and he went to the *bastee* of the Harijans and worked with them and did all that they were doing. Is there any citizen of India, however lofty his claims may be, who can do what Mahatmaji had done ?

Our education system is not directed to removing this malaise which is existing in the mind of our society. Thereby, we dislike a particular section of our society as being untouchable. It is horrifying. It is also abhorrent to nature and to understanding of a prudent man that a man should treat another man as untouchable as if he is not a man.

Therefore, our effort should be directed very much to the removal of that feeling which exists from generation to generation in India against these sections of the society, who we call as untouchables, but nevertheless are as good human beings as we are, who eat as we eat, who live as we live, who die as we die. Therefore, I submit that we should direct our educational policy towards this. I understand that after some time a statement with regard to our education policy is going to be discussed. I wonder if the Minister or the Government will take note of this dire necessity to remove this ingrained apathy and disaffection against particular sections of our society, who are human beings but are treated as cattle. Because they have been so treated, their economic condition has worsened.

Therefore, I further submit that we are today in India where we should lament about the untouchables which we created by our mistakes in our history. But we are creating another class of untouchables. That is the minorities in India, who are not getting, particularly the Muslim minorities, any representation in the matter of services in the state and other matters. They are by and by going down the drain. One day after some years more we shall have another class of untouchables, and those will be the Muslims in India, in due course of time. Therefore, we should take care of them and see that they also do not lag behind the other sections of society and ensure that they all go hand in hand together.

There has been a valuable suggestion that we should make laws and punish those who resort to this practice of untouchability against the *Harijans* and depressed classes. I submit those are symptoms of the disease. You may remove the symptoms, but what is more important is that disease has to be removed.

These untouchables are doing the labour work in this country. They are the labourers of the country doing all sorts of jobs without getting adequate returns. The labourers on land are not having land. The only way out is to abolish landlordism in India as we abolished it in J & K in 1950 without paying any compensation. We gave the land to the tillers, who were mostly untouchables. They are now living as very respectable part of the society in Jammu and Kashmir. I can vouchsafe there is not a single incident of atrocities against the Harijans in Jammu and Kashmir. That should be done in other parts of the country as well.

There is much talk in India about the removal of injustice being done to the untouchables. But in actual practice we are not prepared to give them land. Some hon. Members have lamented that land cannot be given in their possession. You know they cannot even go to answer the call of nature because they are exposed to harassments.

Our education system should be improved and land should go to the

tillers apart from other measures which have been suggested by the hon. Members in this House.

With these words, I thank you very much for you have been kind enough to give me some time to make my submissions on this important question.

श्रम एवं कल्याण मंत्री (श्री राम विलास पासवान) : मैं माननीय सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इस महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार व्यक्त किये हैं। मैं श्रीमती कमला महेश्वरी जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इस विषय को सदन में रखने का काम किया और सरकार तथा देश का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया। काफी माननीय सदस्यों ने सुझाव दिये हैं और सरकार निश्चित रूप से उन पर न सिर्फ विचार कर रही है बल्कि कार्यवाही भी कर रही है। आज का जो मुख्य विषय है वह है एट्रोसिटीज के संबंध में जो अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों पर जुल्म और अत्याचारों से संबंधित है। मुझे खुशी है कि अधिकांश सदस्यों ने दलगत भावना से ऊपर उठ कर के इसको गम्भीरता से लेने का काम किया है। मैं इसे पार्टी की समस्या नहीं मानता हूं। यह राष्ट्र की समस्या है और हजारों साल से चली आ रही सामाजिक कुव्यवस्था की देन है। सरकार, समाज और राष्ट्र के सभी व्यक्तियों का यह दायित्व है कि जो हमारे माथे पर कलंक है उस कलंक को हम धोने का काम करें। हमारे काफी सदस्यों ने अलग अलग उदाहरण दे कर के साबित करने की कोशश की है कि इन वर्गों के ऊपर जुल्म और अत्याचार हो रहे हैं। इस में कोई दो मत नहीं है। मैं आंकड़ों में नहीं जाना चाहता हूं। आंकड़े जो हैं वह कोई कम भी नहीं हैं। बहुत से सदस्यों ने अभी फतेहपुर में जो घटना घटी उस का जिक्र किया। महोदया, मैं इस संबंध में सिर्फ इतना ही ध्यान खींचना चाहूंगा चाहे किसी ने फतेहपुर की घटना के विषय में कहा, किसी ने पिपरा की घटना का कहा, किसी ने अरुवल की घटना का कहा, किसी ने कंसारा की घटना का कहा, किसी ने जहानाबाद जिले में नोनीह और दोमुहा का जिक्र किया. हमेशा संसद का कोई ऐसा सत्र नहीं जाता है, कोई साल ऐसा नहीं जाता है.... जिस तरह से अनुसूचित जाति और जनजाति के ऊपर जुल्म और अत्याचार होते हैं उन पर चर्चा नहीं होती है। लेकिन इसके बावजूद भी ये जुल्म और अत्याचार हो रहे हैं। मैं इस में किसी पार्टी का दोष नहीं मानता हूं, न ही मैं यह कह सकता हूं कि सरकार इसमें प्राम्प्ट नहीं है। लेकिन जितनी आवश्यकता है इसमें एलर्टनेस की, इस पर प्रशासनिक कार्यवाही करने की, मैं समझता हूं कि किसी कारणवश उतनी कार्यवाही हो नहीं पाती है। अभी हमारे सामने फिगर हैं। प्रायः विपक्ष के सभी सदस्यों ने अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। फतेहपुर की घटना का जिक्र किया। अभी माननीय सदस्य नहीं हैं, अहलुवालिया जी नहीं हैं और भी दूसरे सदस्य नहीं हैं, दूसरी बेंच के नहीं हैं लेकिन चूंकि उन्होंने इस चर्चा को उठाया था इसलिए मेरा फर्ज बन जाता है कि इसमें कुछ कहूं मैं आपको यह बतलाना चाहता हूं कि पहली बार ऐसा हुआ है कि 5-4-90 की घटना घटी है, 11-4 को मुजरिम सरेंडर करता है और 22-4 को कोर्ट में चार्जशीट फाइल होती है। मैं समझता हूं कि इसके पहले कभी ऐसा मौका नहीं आया होगा, ऐसा उदाहरण नहीं आया होगा कि जिसमें 5 तारीख की घटना हो और 22 तारीख को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी गयी हो और वह भी जो शुरू में दाखिल हुई जो शुरु में चार्ज लगाया था वह 307 का लगा था लेकिन सरकार की तत्परता के कारण 307 को 302 में बदला गया और तमाम मुजरिम जेल में हैं। यह सरकार की नीयत का फर्क है इतना ही नहीं, जहां जहां अभी तक घटनाएं घटी हैं मैंने सारी घटनाओं को गम्भीरता से देखा है, चाहे 1988 में नन्हीं नगमा की घटना हो जिसमें 18 शैड्यूल्ड कास्ट के लोग मारे गये थे, चाहे बांझी की घटना हो जिसमें 17 शैड्यूल्ड कास्ट के लोग मारे गये थे जिसमें एक एक्स मेम्बर आफ पार्लियामेंट फादर एंथोनी मुरमू भी गोली के शिकार हुए थे, बिहार के कंसारा की घटना हो या दोमुहा की घटना हो जिसमें 11 शैड्यूल्ड कास्ट के लोग मारे गये थे, वेस्ट चम्पारन में 7-7-89 को एक सिटिंग एम० एल० ए० शैड्यूल्ड कास्ट के त्रिलोकी हरिजन की हत्या

[श्री राम बिलास पासवान]

कर दी गयी, पिपरा की घटना है जिसमें महिलाओं के साथ रेप किया गया, बीता आरा भोजपुर की घटना हो जहां 17 शेड्यूल्ड कास्ट के लोगों की हत्या हुई थी, तो मेरे पास ये उदाहरण हैं जिनके तहत मैंने देखा है कि कहीं भी 10 हजार या 20 हजार रुपये से ज्यादा कहीं किसी को नहीं दिया गया है लेकिन यह पहली घटना है जिसमें डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन के द्वारा 10 हजार रुपया, चीफ मिनिस्टर के द्वारा 15 हजार रुपया, प्राइम मिनिस्टर के द्वारा 20 हजार रुपया और 4 बीघा जमीन दी गयी। मैं इसका कोई बचाव नहीं करना चाहता हूं लेकिन मैं सिर्फ इसलिए यह कहना चाहता हूं कि यदि प्रशासन को यह भय हो कि हर समाज के कमजोर वर्गों के ऊपर जुल्म और अत्याचार करेंगे तो उसमें किसी को नहीं बख्शा जायेगा तो मैं समझता हूं कि घटनाओं के ऊपर रोक लगेगी। लेकिन आज तक जितनी भी घटनाओं को मैंने देखा है उसमें किसी में नहीं पाया है, एक दो को छोड़कर, पिपरा की घटना घटी थी 1977-78 में जिसने एडमिनिस्ट्रेशन ने चुस्ती से काम लिया था और जिसके तहत कुछ लोगों को सजा हुई थी, इसके अलावा मैंने किसी घटना को नहीं देखा जिसमें मुजरिम को जो सजा होनी चाहिए थी वह हो पायी। इसलिए साथियों मैं कहना चाहूंगा कि यह जो पोलिटिकल, राजनैतिक लाभ लेने की कोशिश की जाती है .. (व्यवधान)

[उपसभाध्यक्ष (श्री एम. ए. बेबी) पीठासीन हुए]

SHRI S. MADHAVAN (Tamil Nadu): The allegation is that the accused is close to the Prime Minister. The dying declaration was not taken by the officer though the victim was in the hospital. It is an allegation by his wife.

श्री राम विलास पासवान : यह ठीक है, उस पर मैं आ रहा हूं। मैं यह कह रहा हूं कि अभी घटनाएं घट रही हैं और घटनाएं जो घटती हैं जो भी जुल्म और अत्याचार होते हैं उसका सबसे बड़ा कारण है कि जो शुरू से प्रशासनिक कर्तव्य ही की जानी चाहिए चाहे उसका इन्वेस्टीगेशन हो चाहे ड्राइंग डिक्लरेशन का मामला हो। चाहे कोर्ट में जाकर तुरंत पेश करने का मामला हो, फैक्ट्स को रखने का मामला हो, इस सारे साक्ष्य के अभाव में, इन सारे गवाहों के अभाव में नतीजा होता है कि अंततोगत्वा कुछ दिन एक तक मुजरिम जेल में रहता है, लेकिन बाद में जाकर वह छूट जाता है।

4.00 P.M.

तो इसके लिए आवश्यकता इस बात की है कि जो प्रशासनिक कर्तव्य ही है—हालांकि हमारा जो प्रिवेन्शन आफ एट्रोसिटीज एक्टज है उसमें हमने कहा है कि जो इसके लिए दोषी होगा, उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी, लेकिन कौन करेगा, कड़ी कार्यवाही? यदि सरकार की नीयत साफ नहीं रहेगी, तब तक कर्तव्य ही कौन किसके खिलाफ करेगा और यही मैं बारबार कहता हूं कि एक्ट और फैक्ट में आसमान जमीन का फर्क होता है। एक्ट कुछ और बनता है, फैक्ट कुछ और है। जितने कानून बने हैं गरीब के लिए, जितने कानून बने हैं दलित के लिए, जितने कानून बने हैं माइनारिटी के लिए, लेकिन उसके यदि फैक्ट्स देखेंगे तो कानून बना है, उसके बड़ी संख्या में घटनायें घटती जाती है क्योंकि कानून का जो इंप्लिमेंटेशन है, कार्यान्वयन जो है, वह नहीं हो पाता है और नहीं होने का सब से बड़ा कारण यह है कि जो असली मुजरिम हैं, चाहे वह किसी न किसी कारणवश अधिकांश केसेज में वह बच निकलता है।

इसलिये मैंने कहा कि यह न तो कुछ इस तरफ का मामला है, न उस पक्ष का मामला है, बल्कि एक सामाजिक और राष्ट्र की समस्या को लेकर के जब तक उस नजरिये से हम नहीं देखेंगे, तब तक समस्या का निदान, होने वाला नहीं है। हमने पहले ही कहा जिस दिन से हम सत्ता में आये हैं, हम कोशिश कर रहे हैं और मैं तो अपने तमाम माननीय सदस्यों को, आज उस पक्ष के सारे सदस्यों नहीं हैं। अस्सी चूहे खाकर के बिल्ली हज को।

श्री शरद यादव : कहां गये हैं?

श्री राम विलास पासवान : वह जरा गये हुए हैं।

श्री शरद यादव : कहां गये हैं? गढ़ मुक्तेश्वर गये हैं क्या?

श्री राम विलास पासवान : तो वह नहीं है । मैं तो चाहता था कि यदि वह रहते, तो मैं उनको बतलाने की कोशिश करता कि आज हमारी सरकार यहां आई है, दिसम्बर से यह सरकार यहां आई है और दिसम्बर के बाद यदि आप देखेंगे, तो हिन्दुस्तान के इतिहास में पहली दफा ऐसा मौका आया है कि जो 43 सालों में कांग्रेस की सरकार नहीं कर पाई, उसको हमने 43 दिन के अन्दर किया और अभी छह महीने के अन्दर यदि एक-एक करके उसका हिसाब लगाया जाएगा तो मैं आपको यह कह सकता हूं कि वह सरकार जो पिछले 43 सालों में करने की बात तो दूर रही, सोचे भी नहीं थी, उसको हमने करने का काम किया और कल जो हमने बौखलाहट देखी थी, वह महज इसीलिये थी कि जो जमीन है, जिस शैड्यूल्ड कास्ट और शैड्यूल्ड ट्राइब को बन्धुआ मजदूर बना करके रखा, वह जिस माइनारिटी को वोट को ललचा कर लेने का काम किया गया, आज वह जमीन पांव के तले से निकल रही है और यही कारण है कि उस पक्ष के लोगों को काफी दुख हो रहा है।

अभी हमारे साथियों ने राय दी थी कि इस सब के पीछे जमीन का मामला है। आज गरीब को जमीन का पट्टा तो मिल जाता है, लेकिन जमीन पर उसका अधिकार नहीं है । नतीजा होता है कि 1951 के आंकड़े के मुताबिक 51 लाख एकड़ जमीन निकली थी, लेकिन उसमें से मुश्किल से 17 लाख एकड़ गरीब के बीच में बंट पायी । बाकी यह जमीन नहीं बंटी, क्योंकि बड़े-बड़े भूमिपति कोर्ट में चले जाते थे।

हमारी सरकार ने यह निर्णय लिया है कि जो जमीन का मालिक है, जो जमीन संबंधी कानून है, उनको हम संविधान की नौवीं सूची में डालेंगे, जिससे जिस गरीब को जमीन का पर्चा मिले, जमीन का पट्टा मिले, सीधे जमीन पर उसका हक हो जाये ।

हमने 1979 में पार्लियामेन्ट के द्वारा शैड्यूल्ड कास्ट्स और शैड्यूल्ड ट्राइब्स के लिये प्रिवेंशन आफ एट्रासिटीज एक्ट पास किया, लेकिन उसका नोटिफिकेशन तक नहीं किया गया । क्यों नहीं नोटिफिकेशन हुआ था ? नीयत का अभाव था । कहा यह जाता था कि राजकीय सरकारें जब तक स्पेशल कोर्ट्स नहीं बनायें तब तक नोटिफिकेशन नहीं होगा। हम लोग मंत्री मण्डल में आये । हमने 15 जनवरी को स्टेट के वैलफेयर सेक्रेट्रीज को बुलाया, बैठक की और ला मिनिस्ट्री से पूछा कि क्या हम नोटिफिकेशन कर सकते हैं कि नहीं ? ला मिनिस्ट्री ने कहा कि कोई रोक नहीं है । स्टेट के वैलफेयर सेक्रेट्रीज को बुला कर हमने कहा कि यदि 30 तारीख तक तमाम राज्य सरकारें अपने यहां स्पेशल कोर्ट्स का निर्माण करें, नहीं तो 30 जनवरी को हम नोटिफिकेशन जारी करेंगे और 15 जनवरी को हम अखबार के द्वारा कह देंगे कि कौन राज्य की सरकारें हैं, जो स्पेशल कोर्ट्स नहीं बना रही हैं। 30 जनवरी को हमने नोटिफिकेशन जारी किया, 15 फरवरी तक आते-आते हमको इस बात की खुशी है कि एक-दो राज्य सरकारों को छोड़ कर सब ने स्पेशल कोर्टस का निर्माण करने का वादा किया है । और आज तमाम की-तमाम राज्य सरकारें उस दिशा में कार्यवाही कर रही हैं । इसलिये मैंने कहा कि सबसे बड़ी बात नीयत की है।

कल हमारे साथी कह रहे थे कि, नव बौद्धों को जो आप ने रिजर्वेशन दिया है, यह आपका पोलिटिकल काम है। मैं कहना चाहूंगा हूं कि हम राजनीति में हैं, तो राजनीतिक लाभ उठाना कोई बुरा बात नहीं है। आप को किसने रोका था , 43 साल ? आपने 43 साल में क्यों नहीं किया ... **(व्यवधान)**...चलिये, तीन साल काट दीजिये। वह बीच में मिल जाता है न। **(व्यवधान)**.... आज उधर से कोई बोलने वाला नहीं है, तो हम मान लेते हैं कि शंकर दयाल सिंह को थोड़ी देर उधर बैठा दिया जाय। हमारे साथी ने कहा कि तीन साल हटा दीजिये,

[श्री राम विलास पासवान]

तो 40 साल में क्यों नहीं दिया सेंट्रल हाल में डा0 अम्बेडकर साहब की तस्वीर लगे, इस में क्या था। तस्वीर तो लायी गयी थी, लेकिन किसने कहा था कि उस तस्वीर को रद्दी की टोकरी में फेंक दिया जाये।..(व्यवधान)... दरअसल आज मन नहीं लग रहा है, क्योंकि उधर कोई है नहीं। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इसको रिकार्ड पर लाना चाहता हूं.... (व्यवधान) ... क्योंकि जब हम तस्वीर की बात करते हैं, तो जब हमने एक बार पार्लियामेन्ट में पूछा था तो कहा गया था कि सेंट्रल हाल में तस्वीर के लिये जगह नहीं है। लेकिन आज डा. अम्बेडकर की तस्वीर सेंट्रल हाल में है और वह सबसे बढ़िया जगह पर लगायी गयी है। इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि इसके पीछे नीयत चाहिये। भारत रत्न की उपाधि अभी तक क्यों नहीं दी गयी थी, डा. साहब को। आज 43 साल हो गये डा. अम्बेडकर 1956 में मरे, वह 57 में मिलना चाहिये थी। चूंकि करने का इरादा नहीं है, इसलिये नहीं हुआ। इसीलिये मैंने ये सारी चीजें कहीं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमने कल बतलाया कि हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि हम अगले तीन साल के अन्दर, यह जो सिर पर पाखाना उठाने वाला सिस्टम है, उसको हम खत्म करेंगे। जो इस काम में लगे हुए सफाई मजदूर हैं, उनको दूसरे कामों में लगायेंगे।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मिनीमम वेजेज एक्ट के संबंध में हमारे साथियों ने राय दी है। मिनीमम वेजेज एक्ट के संबंध में हमने कल ही मुख्य मंत्रियों को लिखा है और कहा है कि मिनीमम वेजेज एक्ट का पालन कड़ाई से किया जाये। कड़ाई से सिर्फ पालन ही नहीं किया जाना चाहिये बल्कि समय-समय पर जो मूल्य सूचकांक बढ़ता है, जो मूल्य वृद्धि होती है, उसके मुताबिक उसमें संशोधन भी किया जाना चाहिये।

उपसभाध्यक्ष महोदय, पहली बार ऐसा मौका आया है कि भारत की राजधानी दिल्ली में कि भारत के प्रधान मंत्री ने पहली तारीख को जाकर झुग्गी-झोंपड़ी के निवासियों को यह कहा है कि अगले तीन माह के अन्दर दिल्ली में कोई ऐसा व्यक्ति झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वाला नहीं रहेगा जिसके लिये कि राशन कार्ड की व्यवस्था नहीं की गयी हो। अभी तक जिस तरह से पासपोर्ट होता है, उसी तरह से राशन कार्ड था। नौकरी कब मिलेगी, जब एम्पलायमेंट एक्सचेंज में नाम होगा। एम्पलायमेंट एक्सचेंज में नाम कब होगा, जब आपके पास राशन कार्ड होगा। राशन कार्ड नहीं तो कुछ नहीं। इसीलिये सारी-की-सारी चुनावी राजनीति उसके ऊपर आधारित थी। हमारी सरकार ने तीन महीने के समय में सभी के लिये राशन कार्ड की व्यवस्था करने को कहा है और दिल्ली में झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वाला कोई नहीं है, जिसको राशन कार्ड की व्यवस्था नहीं की गयी है। यदि कोई है भी, तो हम लोग खुले आम कहते हैं कि आप चले आइये, तीन दिन के अन्दर राशन कार्ड देंगे। अभी बैंकलोग के संबंध में हमारे साथियों ने ..(व्यवधान)..

SHRI S. MADHAVAN: Will the Prime Minister visit all the slums throughout India?

श्री राम विलास पासवान: अभी हमारे संघ प्रिय गौतम जी ने एक मामला उठाया और जाति व्यवस्था के संबंध में चोट करते हुए कहा और फिर सरकारी नौकरियों के सम्बन्ध में भी कहा कि जो बड़े-बड़े सेक्रेटरीज के, एडीशनल सेक्रेटरीज के पद हैं, जजेज के पद हैं, उन पर शेड्यूल्ड कास्ट, शेड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों की संख्या नगण्य है और जो लोग उस में योग्य भी हैं, उस में उन को नहीं लिया जाता है। हम बतलाना चाहते हैं कि यह सेनटनरी-ईयर है, बाबा साहब

अम्बेडकर की जन्म-शताब्दी का साल है और इसलिए हम लोगों ने भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक जन्म-शताब्दी समिति का गठन किया है, जिसमें सेंटर के इम्पोर्टेन्ट मिनिस्टर हैं, राज्यों के मुख्यमंत्री हैं, चुने हुए दूसरे लोग हैं और लेबर वेलफेयर मिनिस्टर की हैसियत से मैं भी उसका वाइस-चेयरमैन हूं । मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हम लोगों ने प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में प्रोग्राम चेक-आऊट किया है और जिसमें कहा गया है कि एक साल के अन्दर-अन्दर किसी भी श्रेणी का बेकलोग नहीं रहेगा । इसके लिए तीन महीने के चार फेज हमने बनाए हैं । हम यह नहीं कहना चाहते कि तीन महीने में ही हम पूरा कर देंगे (**व्यवधान**)...

श्री संघ प्रिय गौतम : मान्यवर, यह जो ज्वायंट सेक्रेटरी बने हैं, पहले इसमें पूरा करेंगे रिप्रेजेण्टेशन ।

श्री राम विलास पासवान : यह डिपार्टमेंट आफ परसोनेल का मामला है, मुफ्ती साहब यहां बैठे हैं, होम मिनिस्टर साहब यहां बैठे हुए हैं । मैं आपकी भावनाओं को इन तक पहुंचा दूंगा । लेकिन मैं आप को इतना जरुर विश्वास दिलाना चाहता हूं । ... (**व्यवधान**)....मैं ज्यादा नहीं बोलूंगा, दस मिनिट में खतम कर दूंगा ।

मैं यह कहना चाहता था कि जो बैकलोग का मामला है, उस बेकलोग का प्रत्येक तीन महीने में मोनेटरिंग किया जाएगा । यह नहीं कि तीन साल के अंदर का, हम देखेंगे कि टोटल कितना बेकलोग है । विभिन्न केटेगरी की कितनी पोस्ट हैं, कितनी रिजर्व होनी चाहिए थीं, कितना उसके अगेन्स्ट बैकलोग है ? इसके लिए मोनेटरिंग करेंगे प्रत्येक तीन महीने पर और प्रधानमंत्री जी ने भी कहा है कि 14 अप्रैल, 1991 आते-आते तक प्रत्येक श्रेणी में अनुसूचित जाति और जनजाति की जो पोस्ट का बेकलोग हैं, पूरा हो जाना चाहिए ।

फिर आदिवासियों के संबंध में हमारे साथियों ने राय व्यक्त की । मैंने कल भी कहा था और आज भी कहना चाहता हूं कि नई सरकार की पालिसी है कि जहां हम पर्यावरण की तरफ ध्यान दे रहे हैं, जहां हम योजनाओं के विकास चाहते हैं, वहीं हमारा यह भी है कि जो भी योजना बने और अगर वह आदिवासी क्षेत्र में बनती है तो निश्चित रूप से जो ट्राइब्लस हैं, उनके साथ विचार-विमर्श किया जाय, जिससे उनके हक की सुरक्षा हो सके । हमने यह भी निर्णय लिया है कि किसी भी जगह पर योजना शुरू करने से पहले, अगर वहां आदिवासी लोग बसे हुए है तो उनके बसाने की व्यवस्था होगी और जब तक व्यवस्था नहीं होगी, उनको वहां से हटाया नहीं जाएगा ।

महोदय, अनटचेबिलिटी के संबंध में हमारे माननीय सथियों ने अपनी राय व्यक्त की है । यह बात सही है, इसमें दो राय नहीं कि जितने भी कानून छुआछूत के आज विद्यमान हैं, उसके अनुसार जो जेल की सजा होनी चाहिए थी, वह जेल की सजा बहुत कम लोगों को होती है । मैं ऐसा मानता हूं कि सिर्फ कानून बना देने से छुआछूत मिटने वाली नहीं है । इसके खिलाफ तो एक सामाजिक चेतना, एक सामाजिक आंदोलन करने की आवश्यकता है । मैं समझता हूं कि यह कुछेक प्वाइंटस हैं, जिनकी तरफ हमारे माननीय सदस्यों ने ध्यान आकर्षित किया । मैं यह कहना चाहूंगा कि सरकार इस संबंध में सचेष्ट है ।

महोदय, शेड्यूल्ड कास्टस/सेड्यूल्ड ट्राइब्ज कमीशन को हम संवैधानिक दर्जा देंगे, स्टेचुटरी पावर देंगे और इस कमीशन को हम स्टेचुटरी पावर देने जा रहे हैं । इसमें अध्यक्ष के रूप में रामधन सिंह जी का नियुक्त किया गया है । मैं आपको यह भी बताना चाहता हूं कि आज तक शेड्यूल्ड कास्टस शेड्यूल्ड ट्राइब्ज कमीशन के चेयरमैन का जो पावर थी, वे सिर्फ सेक्रेटरी की पावर दी गई थी, लेकिन यह जो नए चेयरमैन हैं, इनको मिनिस्टर की पावर दी जा रही है और निश्चित रूप से यह कमीशन न सिर्फ जाकर के एक रिपोर्टिंग बोडी के रूप में रिपोर्ट करने का काम करेगा बल्कि उसको पावर दी जाएंगी, जिसके तहत उन तमाम समस्याओं को भी देख सकेगा और अकुश लगा सकेगा ।

इसलिए मैं आपसे कहना चाहता हूं कि न सिर्फ सरकार के पास नीति है बल्कि हमारी नियत भी है । हमने छह महीने के अंदर यह

[श्री राम विलास पासवान]

किया और अगला हमारा करने का इरादा है। जो भी माननीय सदस्य के सुझाव आएंगे, हम उन सुझावों का स्वागत करेंगे। यदि माननीय सदस्य इस संबंध में सुझाव देंगे न सिर्फ पार्लियामेंट के माध्यम से बल्कि कंसलटेटिव कमेटी के माध्यम से या पत्र लिखकर, तो हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि सरकार की तरफ से आपके एक-एक सुझाव का हम न सिर्फ स्वागत करेंगे बल्कि हम उसको गंभीरता से भी लेंगे। महोदय, हम यह जरूर देखना चाहते हैं कि यह जो अट्रोसिटीज का मामला है, जुल्म और अत्याचार का मामला है तो इस मामले में कोई भी जुल्म करने वाले व्यक्ति को, किसी भी हत्यारे को बख्शा नहीं जाएगा और यदि कोई सरकारी प्राधिकारी उस संबंध में अपने कर्तव्य का निर्वहन नहीं करत है, यदि वह दोषियों की पकड़ने की बात तो दूर रही, यदि कहीं ऐसा महसूस हो कि जुल्म या अत्याचार होने वाला था और उसकी नैग्लिजेंसी से हुआ है तो उस अफसर को भी नहीं बख्शा जाएगा। तमाम राज्य सरकारों, को भारत सरकार की तरफ से, प्रधान मंत्री की तरफ से यह हिदायतें दी गई हैं कि ऐसे मामलों में दोषियों के लिए विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए।

महोदय, अब मैं अपने उन तमाम साथियों, संसद सदस्यों का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने इस बहस में भाग लिया है और एक बार फिर सरकार का ध्यान इस विषय की ओर आकर्षित किया है।

SHRI S. MADHAVAN: In Tamil Nadu, we have got a special police force for prosecuting offences against the Scheduled Castes at DIG level and throughout the State also. How many States have been asked by the Centre to implement this scheme?

श्री राम विलास पासवान : राज्य सरकार ने लिखा है कि लेकिन मैं जरूर तमिलनाडु की सरकार को धन्यवाद देता हूं कि तमिलनाडु की सरकार ने जो अनुसूचित जाति-जनजाति के संबंध में कदम उठाए हैं, वे काफी सराहनीय है और हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि भारत की सरकार, तमिलनाडु सरकार के प्रस्ताव पर न सिर्फ सोच रही है बल्कि कदम भी उठा रही है।

SHRI SUNIL BASU RAY (West Bengal): Sir, one point is to be clarified about land distribution. Unless you distribute land equally, this problem of Scheduled Castes and Scheduled Tribes will not be solved. So, what about that?

श्री राम विलास पासवान : महोदय, मैंने उस संबंध में कहा है कि हमारी सरकार ने यह निर्णय लिया है कि जो भूमि संबंधी कानून है, उनको हम संविधान के नवें शैड्यूल्ड में लाएंगे। अभी क्या होता है कि किसी को जमीन मिलती भी है, जमीन के मामले में दो बातें हैं—एक तो है जमीन का उचित बंटवारा, और दूसरा है कि जो गरीब लोग हैं, जो वीकर सैक्शन के लोग हैं, जो सरप्लस लैंड है वह यदि किसी गरीब को दी भी जाती है तो भूमिपति कोर्ट में चला जाता है और स्टे-आर्डर प्राप्त कर लेता है। जब उसे स्टे-आर्डर मिल जाता है तो गरीब आदमी कोर्ट में नहीं जा पाता और वह मामला विवादास्पद हो जाता है। यदि सरकारी अधिकारियों के बल से उस पर कब्जा भी कर लिया जाय तो मामला 144–145 से चलता है।

तो इन सारी समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार ने निर्णय लिया है कि भूमि संबंधी जितने कानून हैं उनको संविधान की नवीं सूची में डाला जाए जिससे जो भूमिपति हैं, उनका कोर्ट में जाने का अधिकार समाप्त हो जाए। यह प्रस्ताव कैबिनेट से पास हो गया है और मैं समझता हूं कि जल्दी ही इसे पार्लियामेंट में लाया जाएगा।